>

Title: Need to extend the services of Nanded-Mumbai Tapovan Express (No. 7617/7615) upto Adilabad/Nagpur in Maharashtra.

श्री सुभाष बापूराव वानखेडे (हिंगोली): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र की एक छोटी सी मांग की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

सभापति महोदय : आप मांग करिये। आप मांग करने के लिए स्वतंत्र हैं।

श्री सुभाष बापूराव वानखेडे : सभापति जी, मेरी बहुत छोटी सी मांग है। मैं दो साल से सरकार से इस संबंध में विनती कर रहा हूँ।

सभापति जी, मुम्बई से नांदेड़ जाने वाली जो तपोवन एक्सप्रैस है, यह नांदेड़ में 12 घंटे रुकती है। हमारी मांग है कि इसका विस्तार आदिलाबाद तक होना चाहिए। क्योंकि वहाँ भोकर विधान सभा क्षेत्र है, इसमें हिमायतनगर है, हदगाँव विधान सभा क्षेत्र है, ये सभी इसमें जोड़े जाएँगे। इससे महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश भी आपस में जोड़े जा सकेंगे।

महोदय, मेरी दूसरी मांग है, जिसे में पिछले दो-ढाई साल से उठा रहा हूं। मैंने पूर्व रेल मंत्री सुश्री ममता बैनर्जी से भी मांग की थी और लेटर दिया था। यहां भी मैंने शून्य काल में यह प्रश्न उठाया था कि अकोला से बासिम वाया हिंगोली से मुम्बई जाने वाली ट्रेन चलायी जाए। हम एक नहीं बल्कि तीन-चार सांसद इस मांग को बार-बार उठा रहे हैं। मैं सरकार से यह मांग रख-रख कर थक गया हूं। इसलिए मेरी आपसे विनती है कि आप सरकार को निर्देश दें। मेरी यह मांग सरकार के लिए बहुत छोटी सी है।**...**(व्यवधान)

सभापति महोदय : न्याय मंत्री जी, इनके साथ न्याय कर दीजिए। ठीक है, धन्यवाद। श्रीमती रमा देवी।

श्री संजय धोत्रे (अकोला): महोदय, मैं माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए मामले से स्वयं को संबद्ध करता हूं।